आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 05.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2030 तक भारत–रूस आर्थिक सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के विकास कार्यक्रम को मंज़ूरी दी।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीगंगानगर में गंग नहर शताब्दी समारोह का शुभारंभ और फिरोज़पुर फीडर के पुनर्निमाण कार्य का शिलान्यास किया।

- कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा–राज्य में किसानों के लिए खाद की कोई कमी नहीं है।

- केन्द्र सरकार ने उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों का पंजीकरण नहीं कराने वालों पर तीन महीने तक जुर्माना या सख्त कार्रवाई नहीं करने का आवश्वासन दिया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच नई दिल्ली में बैठक के बाद रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया से संबंधित क्षेत्रों सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए। नई दिल्ली में 23वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत के साथ कई ऐतिहासिक संबंधों में विशेष प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में विश्व ने कई उतार–चढ़ाव देखे हैं। इन सबके बीच भारत–रूस के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। श्री मोदी ने इस बात पर बल दिया कि शांति का मार्ग ही विश्व का कल्याण कर सकता है।

..............

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने 2030 तक भारत–रूस आर्थिक सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के विकास के एक कार्यक्रम को मंजूरी दी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा और आपसी हित के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज श्रीगंगानगर के साधुवाली में गंग नहर शताब्दी समारोह का शुभारंभ किया। श्री शर्मा ने साधुवाली स्थित गाजर मंडी और फिरोजपुर फीडर के पुनर्निमाण कार्य का भी शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने इलाके के लिए 1 हजार 770 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए गन्ने का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 15 रुपये बढ़ाने के साथ ही, 200 करोड़ रुपये की लागत से अनूपगढ़ और रावला क्षेत्र में नहरी तंत्र को मजबूत करने का भी ऐलान किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नहरों का सुदृढ़ीकरण होगा और सिंधु का पानी भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को अन्य राज्यों से अधिक बोनस राशि दे रही है और कुसुम–ए योजना में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने जल्द ही श्रीगंगानगर के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिया। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार हर क्षेत्र में किसानों के साथ है।

000

रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को और बढ़ावा देने के लिए आज ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती करते हुए इसे 5 दशमलव दो–पांच प्रतिशत कर दिया। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की पाँचवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति में इस निर्णय की घोषणा की। इससे आवास, ऑटो और वाणिज्यिक सहित विभिन्न ऋण सस्ते होने की उम्मीद है।

000

देश में हिंसा से प्रभावित और संकटग्रस्त महिलाओं को सहायता देने के लिए 864 वन स्टॉप सेंटर काम कर रहे हैं। ये केंद्र ज़रूरतमंद महिलाओं को चिकित्सा सहायता, अस्थायी आश्रय, पुलिस

सहायता और मनो–सामाजिक परामर्श जैसी सेवाएँ भी प्रदान करते हैं। महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि 2015 में इसकी स्थापना के बाद से देश में 12 लाख 67 हज़ार से ज़्यादा महिलाओं को सहायता दी गई है।

000

प्रदेश के सभी बड़े अस्पतालों में अब जयपुरिया अस्पताल की तर्ज पर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम और हेल्प डेस्क व्यवस्था शुरू की जाएगी। इसका उद्देश्य रोगियों को कतारों से मुक्ति दिलाना और इलाज के लिए चक्कर काटने से बचाना है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने आज जयपुरिया अस्पताल के औचक निरीक्षण के बाद यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बड़े अस्पतालों को गुणवत्ता प्रमाण पत्र हासिल करना चाहिए और स्वास्थ्य सुविधाओं के उच्चतम मानकों को पूरा करना चाहिए। उन्होंने जयपुरिया अस्पताल में न्यूरो और कार्डियक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए, ताकि एसएमएस अस्पताल का भार कम हो सके।निरीक्षण के दौरान रोगियों ने सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें निजी अस्पतालों जैसी बताया।

000

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा है कि राज्य में किसानों के लिए खाद की कोई कमी नहीं है और इनकी आपूर्ति लगातार जारी है। आज जयपुर में मीडिया से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि कम खाद वाले ज़िलों और ब्लॉकों को पहचानकर वहाँ तुरंत आपूर्ति की जा रही है। साथ ही, खाद की कालाबाज़ारी और अवैध जमाखोरी को रोकने के लिए विभाग सख़्त कार्रवाई कर रहा है। अवैध भंडारण और यूरिया डायवर्जन के मामले में प्रदेश भर में अब तक 30 एफ़आईआर दर्ज की गई हैं। यह कार्रवाई श्रीगंगानगर, टोंक, अलवर और नागौर समेत कई ज़िलों में की गई है। मंत्री ने बताया कि इस समय राज्य में 1 लाख 67 हज़ार मीट्रिक टन यूरिया और 66 हज़ार मीट्रिक टन डीएपी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कृषि विभाग खाद वितरण में पूरी पारदर्शिता बरत रहा है। साथ ही अवैध भंडारण और वितरण में गड़बड़ियों पर नजर रखी जा रही है।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने आज कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। राज्यपाल ने कहा कि कृषि शिक्षा का उद्देश्य खेती को विज्ञान, तकनीक और नवाचार से जोड़कर किसान और राष्ट्र को मजबूत करना है। उन्होंने ज्ञान, शोध और नवाचार को सीधे किसानों तक पहुंचाने पर ज़ोर दिया। श्री बागडे ने जैविक खेती, जल संरक्षण आधारित कृषि और स्थानीय फसलों के संवर्धन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

000

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आश्वासन दिया है कि सरकार अगले तीन महीनों तक उन लोगों पर कोई जुर्माना नहीं लगाएगी और न ही सख्त कार्रवाई करेगी जिन्होंने उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण नहीं कराया है। उन्होंने कहा कि आज आखिरी दिन है और लाखों संपत्तियां अभी भी पंजीकृत नहीं हुई हैं। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि यह निर्णय कई सांसदों और समुदाय के प्रतिनिधियों द्वारा मुतवल्लियों के सामने आने वाली चुनौतियों का हवाला देते हुए अतिरिक्त समय का अनुरोध करने के बाद लिया गया है। श्री रिजिजू ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि छह महीने की समय सीमा के बाद तिथि नहीं बढ़ाई जा सकती, लेकिन यदि पंजीकरण प्रक्रिया में कोई समस्या है, तो न्यायाधिकरण के पास इसे छह महीने तक आगे बढ़ाने का अधिकार है।

................

000

सवाईमाधोपुर ज़िले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का महत्वपूर्ण पहला चरण पूरा हो गया है। ज़िले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में करीब साढ़े 10 लाख मतदाता गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज़ करने का काम सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने बताया कि इन प्रपत्रों का वर्ष 2002 की पुरानी मतदाता सूचियों के साथ मिलान यानी मैपिंग का कार्य भी सम्पन्न हो गया है।

..............

000